<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–15 *फरवरी* 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान करने वालों की संख्या पहुंची पचास करोड़ के पार। केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी लगाई संगम में डुबकी।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में एक हजार अट्ठाईस करोड़ रुपये से अधिक की एक सौ चौदह से अधिक विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केन्द्रीय सूचना प्रसारण राज्यमंत्री डा0 एल. मुरूगन आज वाराणसी में करेंगे काशी तमिल संगमम का उद्घाटन। चौबीस फरवरी तक चलने वाले इस संगमम में तमिलनाडु के बारह सौ लोग लेंगे हिस्सा।
- केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं की आज से हो रही है शुरूआत। चार अप्रैल को होगा समापन।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कल पचास करोड़ के पार पहुंच गयी। आज और कल महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। मेला प्रशासन ने इन दो दिनों के लिए मेला क्षेत्र को नो वीकल ज़ोन घोषित कर दिया है। इस दौरान श्रद्धालुओं को सुगम यातायात की सुविधा देने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम पन्द्रह से सत्रह फरवरी के बीच दो हज़ार दो सौ पचास अतिरिक्त बसों का संचालन कर रहा है।

उधर, केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी कल संगम में स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे। इस मौके पर श्री फडणवीस ने कहा कि प्रदेश सरकार के महाकुंभ के भव्य आयोजन को आने वाले वर्षों में भी याद रखा जाएगा।

***ये महाकुंभ है तो हर व्यक्ति को ये लगता है जो सनातन को मानता है कि मैं आकर यहां पर गंगा जी का दर्शन लू संगम पर स्नान कर और उसी मंशा से मैं यहां आया हूं और जिस प्रकार से हमारी योगी जी की सरकार इस महाकुंभ का आयोजन किया है। मैं ऐसा मानता हूं कि अब दुनिया के इतिहास में एक प्रकार से लोग हमको याद रखेंगे।***

**********

केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लखनऊ में एक हजार अट्ठाइस करोड़ रुपये से अधिक की एक सौ चौदह से अधिक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर रक्षामंत्री ने कहा कि बीते दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के क्षेत्र में क्रांति देखी है।

***2004 से लेकर 2014 तक 10 वर्षो के अंदर अरबन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर जहां पर के एक लाख 78 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए। बहनों, भाइयों आपको जानकार खुशी भी होगी, आश्चर्य भी होगा। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमारे श्रीमान गडकरी जी ने 2014 से लेकर 2024 के बीच 28 लाख 52 हजार करोड़ का निवेश किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में।***

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत में पहली बार कानपुर–लखनऊ एक्सप्रेस हाईवे के लिए ऑटोमेटेड इंटेलिजेंट मशीन गाइडेड कंस्ट्रक्शन सिस्टम अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि अगले दो साल में उत्तर प्रदेश का रोड नेटवर्क अमेरिका से भी बेहतर हो जाएगा।

***हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमारा रोड नेटवर्क अब अमेरिका के आगे भी निकल गया है और मैं आपको गारंटी देता हूं दो साल के अंदर उ0प्र0 का नेशनल हाइवे नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा होगा। यह मैं विश्वास देता हूं लाजिस्टिक कास्ट 9 प्रतिशत बढ़ायेगी उ0प्र0 में एक्सपोर्ट डेढ़ गुना बढेगा। डेढ़ बिजनेस इंडस्ट्री का विकास होगा। सुख समृद्ध उ0प्र0 और कानून व्यवस्था में तो लाजवाब काम योगी जी ने किया है।***

केंद्रीय परिवहन मंत्री ने कहा कि भारत के विकास के लिए उत्तर प्रदेश का विकास जरूरी है। उन्होंने बताया कि एक लाख पच्चीस हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य पूरे हो चुके हैं और एक लाख पचास हजार करोड़ रुपये के काम चल रहे हैं एवं राज्य के लिए नौ हजार करोड़ रुपये की लागत की विभिन्न सड़क विकास परियोजनाओं की घोषणा की गई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ–2025 प्रयागराज में सड़क मार्ग से सबसे अधिक वाहन पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार लखनऊ को न केवल एयरो सिटी के रूप में बल्कि एआई सिटी के रूप में भी विकसित कर रही है। लखनऊ में कार्यक्रम में शामिल होने से पहले केन्द्रीय सड़क परिवहन और राज्यमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कानपुर में बृहस्पति महिला महाविद्यालय के 15वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया।

**********

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कल लखनऊ में केंद्रीय राजस्व क्रीड़ा और सांस्कृतिक परिषद के उत्तरी क्षेत्र की स्पोर्ट्स मीट में विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रभावशाली कदम उठाए गए हैं। इसका परिणाम है कि आज भारत एक बड़ी खेल शक्ति के रूप में उभर रहा है।

**********

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन आज वाराणसी में काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण का उद्‌घाटन करेंगे। शिक्षा मंत्रालय द्वारा विभिन्न मंत्रालयों और प्रदेश सरकार के सहयोग से हो रहे इस प्रतिष्ठित सांस्कृतिक पहल का उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संबंधों को फिर से खोजना, पुष्टि करना और उनके लिये आनंदित होना है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***इस वर्ष, सरकार ने तमिलनाडु से पांच श्रेणियों में लगभग हजार प्रतिनिधियों को लाने का फैसला किया है। आयोजन का मुख्य विषय स्वास्थ्य, दर्शन, विज्ञान, शास्त्रीय तमिल साहित्य और राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता की दुनिया में ऋषि अगस्त्य के महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करना है । इस वर्ष, पहली बार, प्रतिभागियों को प्रयागराज में महाकुंभ और अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के दर्शन करने का अवसर मिलेगा। दस दिन तक चलने वाला यह समारोह 24 फरवरी को समाप्त हो जाएगा। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

काशी तमिल संगमम में आने वाले दक्षिण भारत के अतिथि कल से चौबीस फरवरी के बीच प्रयागराज महाकुंभ जाएंगे। उन्हें डिजिटल कुंभ प्रदर्शनी का अवलोकन भी कराया जाएगा।

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। दसवीं कक्षा की परीक्षाएं अठारह मार्च को और बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं चार अप्रैल को समाप्त होंगी। यह परीक्षाएं एक ही सत्र में सुबह साढे दस बजे से दोपहर डेढ बजे तक आयोजित की जाएंगी। एक रिपोर्ट–

**प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को अपना सी बी एस ई एडमिट कार्ड लाना अनिवार्य है। सी बी एस ई के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी प्रकार के स्टेश्नरी के सामान को पारदर्शी पाउच में रखना होगा। परीक्षा के दौरान विद्यार्थी एक पारदर्शी पानी की बोतल ले जा सकते हैं। विद्यार्थियों को अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए परीक्षा शुरू होने से तीस से पैंतालिस मिनट पहले पहुंचने की सलाह भी दी गई है। परीक्षा हॉल के भीतर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और इलेक्ट्रॉनिक गेजेट ले जाने की अनुमति नहीं है। सुपर्णा सेकिया के साथ अमन यादव आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सही खाना और सही सोना विद्यार्थियों को अच्छी तरह से परीक्षा देने में मदद करेगा। परीक्षा पे चर्चा के कार्यक्रम के चौथे चरण में पोषण विशेषज्ञ रूजुता दिवेकर ने कहा कि विद्यार्थियों को पोषणयुक्त भोजन करना चाहिए।

**********

उत्तराखंड के हल्द्वानी में कल अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों का समापन हो गया। इन खेलों में उत्तर प्रदेश की टीम ने कुल छप्पन पदक जीते हैं। इनमें तेरह स्वर्ण, बीस रजत और तेईस कास्य पदक शामिल हैं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि गृह मंत्री अमित शाह ने खेलों की सफल मेजबानी के लिए उत्तराखंड सरकार को बधाई दी।

**********

आकाशवाणी गोरखपुर के पूर्व कार्यक्रम अधिशासी और भोजपुरी के वरिष्ठ साहित्यकार रवींद्र श्रीवास्तव जुगानी भाई के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया है। एक सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि आकाशवाणी गोरखपुर की स्थापना से लेकर एक लम्बी अवधि तक कार्यक्रमों की रूपरेखा और गुणवत्ता में उनका योगदान रेखांकन योग्य है। रवींद्र श्रीवास्तव जुगानी भाई का इलाज के दौरान कल सुबह गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया था। वह तिरासी वर्ष के थे।

**********